Publication: Naidunia **Date:** 12.09.15

Edition: INDORE **Pg No:** 19

डीएवीवी ऑडिटोरियम में हुई 'आईटी विज' में 8वीं से 12वीं तक के स्टूडेंट्स ने लिया हिस्सा

क्विज में हुई देश-दुनिया के ज्ञान की परख

इंदौर। देवी अहिल्या विश्वविद्यालय ऑडिटोरियम में शुक्रवार को इंटर स्कूल क्विज कॉम्पीटिशन 'आईटी विज' आयोजित की गई। टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेस (टीसीएस) द्वारा आयोजित इस क्विज में 8वीं से 12वीं तक के स्टूडेंट्स ने अपने ज्ञान और हाजिर जवाबी का बेहतरीन नमूना पेश किया। क्विज में शहर के करीब 1 हजार स्टूडेंट्स ने भाग लिया। क्विज पांच राउंड में विभाजित था, पर दिलचस्प बात यह थी कि प्रतिभागियों को सवाल उन्हीं के पसंद के विषय से पूछे जा रहे थे।

पहले राउंड में प्रतिभागियों को देशों के नाम पसंद करने थे, जिसके आधार पर उनसे सवाल पूछे जा रहे थे। दूसरे राउंड में प्रतिभागियों को अपने पसंदीदा विषय चुनने की आजादी दी गई थी। तीसरा राउंड टीसीएस से संबंधित प्रश्नों पर आधारित था। इसके बाद दो राउंड बर्जर बेस्ड थे। इसमें ज्ञान के अलावा स्फूर्ति की भी परख हुई। पहले तीन राउंड में जहां उत्तर नहीं आने पर सवाल को पास किया जाता था। वहीं बर्जर राउंड में सवाल के जवाब दूसरों से पहले देने की कशमकश थी। क्विज में कुल 6 टीमों ने भाग लिया और हर टीम में 2-2 प्रतिभागी शामिल थे। क्विज के विजेता 'द एमरल्ड हाइट्स इंटरनेशनल स्कूल' के देव सेठ और वैभव सिंह रहे। सेंटपॉल स्कूल का प्रतिनिधित्व करने वाले रूद्राक्ष तथा प्रखर उपविजेता रहे। विजेताओं को टीसीएस के वाइस प्रेसीडेंट तन्मय चक्रवर्ती ने पुरस्कार वितरित किए। क्विज मास्टर गिरी बालसुब्रमण्यम ने क्विज का संचालन किया।

ट्वीट कर बने विजेता

ऑडियंस के लिए खासतौर पर ट्विटर राउंड रखा गया था। इसमें दर्शकों को सवालों के जवाब ट्विटर के माध्यम से देने थे। करीब 3 घंटे चली क्विज में कुल 17,324 ट्वीट प्राप्त हुए। इनमें से सबसे ज्यादा 3320 ट्वीट करने वाले मुस्तफा धारवाला विजेता रहे। आशीष सिसोदिया उपविजेता बने।